


# दवाई लेना

Espen Stranger-Johannessen
Sara Rumen Krotev
Pratibha Singh
2
हिन्दी hi



टॉम के दाँत में दर्द है। उसके दाँत में बहुत दर्द होता है।



उसे अपने दंत चिकित्सक को दिखाने की ज़रूरत है, लेकिन पहले उसे दर्द के लिए कुछ चाहिए।



वह निकटतम दवाखाना जाता है।



“मुझे दाँत में दर्द है,” उसने कहा। “क्या आपके पास इसके लिए कुछ है?”



“हाँ, ये कुछ दर्द निवारक हैं। आपको इनके लिए डॉक्टर की पर्ची की ज़रूरत नहीं है।”




“धन्यवाद। इनका कितना पैसा हुआ?”




“इनकी क़ीमत नौ यूरो है। लेकिन आपको किसी डेंटिस्ट को दिखाना चाहिए।”



“ठीक है, मैं कल सुबह अपने डेंटिस्ट को फ़ोन करूँगा।”



“अगर आपको ज़्यादा असरदार दवा चाहिए, तो आपको अपने डेंटिस्ट या डॉक्टर से एक पर्ची लिखवानी होगी।”



“शुक्रिया! अलविदा।”

# LIDA Stories

lidastories.net

## दवाई लेना


Espen Stranger-Johannessen
Sara Rumen Krotev
Pratibha Singh


CC BY